महत्वपूर्ण एवं खास

बिलासपुर स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी : संदेही गिरफ्तार

बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले एक संदेही युवक को आरपीएफ-जीआरपी की संयुक्त टीम ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जीआरपी सूत्रों ने बताया कि हाल ही में ट्वीटर एकाउंट में एक युवक ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। इसके बाद से ही आरपीएफ (रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स) तथा जीआरपी (गर्वेमेंट रेलवे पुलिस) की संयुक्त टीम ट्वीट करने वाले संदेही की तलाश में जुट गए थे। बताया जाता है कि तकनीशियनों की मदद से संयुक्त टीम ने एक संदेही युवक को हिरासत में लिया है तथा उससे पूछताछ शुरू कर दिया है।

कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन धारण कर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

रायपुर (आरएनएस)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर आज कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस नेताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर राष्ट्रपिता सहित अन्य शहीद हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रृद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा राष्ट्रपिता के शहादत दिवस को महात्मा गांधी को श्रद्धाजंलि अर्पित करने और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में पूर्वान्ह 11 बजे मौन धारण रखने के निर्देश जारी किए है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर मंत्रालय में दी श्रद्धांजलि

रायपुर (आरएनएस)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर आज शहीद दिवस के अवसर पर मंत्रालय महानदी भवन में राष्ट्रपिता एवं भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर अधिकारी-कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बैंक में सेंधमारी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, कंप्यूटर सेट व अन्य सामान जब्त

रायपुर (आरएनएस)। एचडीएफसी बैंक में लगे शटर का ताला तोड़कर सेंधमारी कर कमरे में रखे कंप्यूटर सेट चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार राखी थाना क्षेत्र के ग्राम केंद्री एचडीएफसी बैंक में 27 जनवरी को शाम 6 बजे से 29 जनवरी के मध्य बैंक में लगे शटर का ताला तोड़कर कमरे में रखे कंप्यूटर तथा अन्य सामान की चोरी किये जाने की रिपोर्ट बैंक मैनेजर हर्ष बक्शी ने थाने में दर्ज करायी थी। जांच के दौरान राखी पुलिस ने सीसी टीवी फूटेज में एक अपचारी बालक व एक युवक को बैंक में लगे शटर का ताला तोड़कर कमरे में प्रवेश कर बैंक के स्ट्रांग रूम में रखे लॉकर को तोड़ते आरोपी दिखाई दे रहे हैं।

मोतीबाग के पास खड़ी मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। मोतीबाग के पास खड़ी मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार फाफाडीह साहू पारा निवासी धनसिंह साहू 25 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 25 जनवरी को मोतीबाग के पास प्रार्थी ने अपनी मोटरसाइकिल होंडा सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 04 केडी 4143 को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

गांजा बेचते चार गिरफ्तार, 22 पुड़िया मादक पदार्थ गांजा व चिलम जब्त

रायपुर। गांजा बेचने के जुर्म में कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर कालीबाड़ी चौक पेंशन बाड़ा, अरविंद नगर क्षेत्र में चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 22 पुड़िया, 5ग्राम गांजा मादक पदार्थ जब्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कालीबाड़ी चौक के पास गांजा बेचने के जुर्म में बुधवार को राजू राजपूत 52 वर्ष पिता सूरज राजपूत को गिरफ्तार कर उसके पास से 7 पुड़िया गांजा, मिचस, चिलम पाये जाने पर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

कैबिनेट की बैठक में सीएए-2019 को लेकर सदस्यों ने दिखाई नाराजगी

» राज्य में अब तक 63.50 मीट्रिक टन धान की खरीदी » सहकारी सोसायटी एक्ट में होगा संशोधन

रायपुर (आरएनएस)। भूपेश बघेल मंत्रिमंडल की आज हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मंत्रिमंडल की बैठक में सीएए के विरोध में एक प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं धान खरीदी का लक्ष्य 85 हजार मीट्रिक टन को प्राप्त करने हर संभव कोशिश किए जाने की बात पर सहमति बनी।

मंत्रिपरिषद की आज संपन्न हुई बैठक में सीएए-2019 को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार ने एतराज जताया है। बताया जाता है कि कैबिनेट की बैठक में इसके लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया है तथा मुख्यमंत्री की ओर से इस कानून को वापस लिए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा जाएगा।

बैठक में बताया गया कि राज्य में 29 जनवरी तक 63.50 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है और किसानों को 11 हजार करोड़ रुपये जारी किया जा चुका है। राज्य सरकार को भरोसा है कि लक्ष्य के अनुसार 85 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी कर ली जाएगी। इसके अलावा सहकारी सोसायटी एक्ट में संशोधन के निर्णय पर कैबिनेट नें मंजूरी दी है। सहकारी सोसायटी में निजी भागीदारी का भी निर्णय लिया गया है, हालांकि इसे लेकर सरकार से रजामंदी लेनी जरूरी होगी। इधर छत्तीसगढ़ खेल प्राधिकरण की पहली बैठक भी आज संपन्न हुई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्राधिकरण के सदस्य की नियुक्ति के लिए अधिकृत किया गया है। खेल अकादमी के लिए उद्योग व अन्य संगठनों का साथ लेकर पीपीपी मॉडल पर इसे विकसित करने का निर्णय लिया गया।

कैबिनेट बैठक के प्रमुख बिंदु जिन पर चर्चा हुई :

नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 (सी.ए.ए.) में किए गए संशोधन को आम जनता में देखे जा रहे विरोध के दृष्टिगत, वापस लिए जाने का अनुरोध भारत सरकार से करने का निर्णय लिया गया।

छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी (संशोधन) अध्यादेश, 2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जिसके तहत ''कोई भी सोसायटी, किसी भी सरकार के उपक्रम सहकारी सोसायटी या राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किसी उपक्रम या निजी उपक्रम के साथ, किसी विशेष कारबार के लिए जिसमें औद्योगिक विनिधान, वित्तीय सहायता या विपणन और प्रबंधन विशेषज्ञता शामिल है, सहयोग कर सकेगी। कोई भी सहकारी सोसाइटी साधारण सभा के उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के साधारण बहुमत से, उसके साधारण सम्मिलन में पारित संकल्प द्वारा ऐसा सहयोग कर सकेगी। सहकारी सोयाइटी को ऐसा सहयोग करने के पूर्व प्रत्येक मामले में राज्य सरकार की पूर्व अनुमति अनिवार्य है।

किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का 2500/-प्रति चिंटल की दर से भुगतान सुनिश्चित करने के लिए अनुशंसा करने हेतु मंत्रिमण्डलीय उप-समिति के गठन का आदेश जारी किया गया है। जिसका बैठक में अनुसमर्थन किया गया।

राज्य में वर्तमान में वास्तविक सिंचाई क्षमता 10.38 लाख हेक्टेयर है, जोकि कुल कृषि योग्य भूमि का 18 प्रतिशत है। राज्य में सिंचाई के त्वरित विकास हेतु छत्तीसगढ़ अधोसंरचना विकास निगम को छत्तीसगढ़ सिंचाई विकास निगम में परिवर्तित किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ अद्योसंरचना विकास निगम में कार्यरत अमले को जहां प्रतिनियुक्ति पर है।

गंगरेल बांध में डूबे मासूम का लाश मिला

» गोताखोरो को 42 घंटे बाद पत्थर में फंसी मिली मासूम

रायपुर/धमतरी (आरएनएस)। गंगरेल बांध में पिकनिक मनाने के दौरान नाव पलट जाने के चलते मंगलवार की शाम चार बजे 12 लोग पानी में डूब गये थे। पानी में डूबने के चलते 2 लोगों की मौत हो गया था। वही 2 लोगों को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती किया गया है।

जिनमें 1 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के दौरान एक मासूम बच्ची उम्र 6 वर्ष लापता हो गई थी जिसकी तलाश गोताखोर कर रहे थे करीब 42 घंटे बाद बच्ची का लाश गहरे पानी में पत्थर में फंसा मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगरेलबांध में नाव पर सवार होकर 12 लोग सैर कर रहे थे तभी तेज हवा आने के चलते बांध में तेज लहर उठने लगा जिसके चलते नाव में पानी भर गया।

पिकनिक के दौरान कुछ लोग नाव में बैठकर टिक टाक वीडियो बना रहे थे। वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर भी किया गया है। नाव में पानी भरते देख सभी लोग नाव से पानी निकालने में जुट गए इसी दौरान नाव पलट गई व नाव में मौजूद सुमित्रा नाग 16 वर्ष पिता नरेश नाग ग्राम नया कोलियारी और निवेदिका कांगे 3 वर्ष बाजार पारा नारायणपुर की मौत हो गई। वहीं नीराबाई मंडावी 23 वर्ष ग्राम कोंडेजुगा थाना कांकेर एवं दुर्गेश्वरी कांगे पानी में डूबने के चलते घायल हो गई।

इन्हें गोताखोरों की मदद से निकालकर चारामा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। हादसे के दौरान लक्ष्मी मंडावी 5 वर्ष पिता कीर्तन मंडावी की तलाश में गोताखोर जुटे हुए हैं। नाव पलटने के दौरान जिन लोगों को तैरना आता था वे तैरकर बांध से बाहर निकल गए।

बच्चों का भाषा ज्ञान परखने छत्तीसगढ़ के स्कूलों में अब वाचन प्रतियोगिता

रायपुर। बच्चों का भाषा ज्ञान परखने छत्तीसगढ़ के शासकीय स्कूलों में अब वाचन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। बच्चों में पढ़ने की रूचि बढ़े, सभी बच्चे भाषा की पुस्तक आसानी से पढ़ सके और अपने आसपास लिखे विज्ञापनों-सूचनाओं को पढ़ कर समझ सकें। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने यह जानकारी जिला मुख्यालय कांकेर में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान दी। डॉ. शुक्ला ने कहा कि अप्रैल माह में संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में निर्णायक विद्यार्थियों की माताएं होंगी। चयनित स्कूल विकासखण्ड स्तर और जिला स्तर पर चयनित बच्चों को राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सभी मूल्यांकन मार्च माह तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

बैठक में उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि कांकेर जिले के 220 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में स्मार्ट टी.व्ही. के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है।

विधान सभा के सेन्ट्रल हॉल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र को दी गयी पुष्पांजलि

» गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष शहीदों की स्मृति में रखा गया दो मिनट का मौन

रायपुर (आरएनएस)। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में आज पूर्वाह्न 11.00 बजे विधान सभा सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री चन्द्र शेखर गंगराड़े एवं सचिवालय के अधिकारियों/कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखा। तत्पश्चात् विधान सभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में प्रतिष्ठापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के तैल चित्र पर विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत एवं विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री चन्द्र शेखर गंगराड़े एवं अधिकारियों/कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर अपने संद?श में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे।

शहीद दिवसः मंत्रिपरिषद की बैठक शुरू होने के पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और अन्य शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां मुख्यमंत्री निवास में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक शुरू होने के पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें तथा अन्य शहीदों को श्रंद्धाजलि दी गई। स्वतंत्रता आंदोलन में शहीदों के योगदान का स्मरण किया गया। इस अवसर पर मंत्रिमण्डल के सदस्यगण उपस्थित थे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर मंत्रालय में दी श्रद्धांजलि

रायपुर (आरएनएस)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर आज शहीद दिवस के अवसर पर मंत्रालय महानदी भवन में राष्ट्रपिता एवं भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर अधिकारी-कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार, 97 पाव अंग्रजी शराब जब्त

रायपुर (आरएनएस)। टिकरापारा व उरला थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचने की जानकारी मिलने पर मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों पर 4 लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 97 पांव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर देवार डेरा मठपुरैना में बुधवार को रतनू मरकाम 20 वर्ष पिता झींगा मरकाम को गिरफ्तार कर उसके पास से 75 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं बजरंग चौक बिरगांव के पास अवैध शराब की सूचना पर पुलिस ने नसीब मोहम्मद 23 को गिरफ्तार कर उसके पास से दस पाव अंग्रेजी शराब बरामद किया है।

मजदूरी कर वापस लौटा घर,पत्नी की फंदे में झूलती मिली लाश

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले के तखतपुर में मजदूरी कर जब पति घर लौटा, तो पत्नी फांसी के फंद्दे पर लटकी हुई थी, पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। पुलिस के अनुसार घटना ग्राम जरेली की है, पुलिस ने बताया कि प्रार्थी गोविंद मरकाम पिता जीवराखन उम्र 30 वर्ष ने थाने में जानकारी दी है कि गोविंद मरकाम सुबह 8:00 बजे अपनी मजबूरी में काम करने चला गया था, शाम 6:00 बजे वापस आया तो देखा, कि घर के कमरे का दरवाजा बंद था, और अंधेरा था, बहुत खटखटाने पर कोई आवाज नहीं आई, तब दरवाजा तोड़कर अंदर गया, जब लाइट चालू किया तो देखा, उसकी पत्नी अन्नपूर्णा मरकाम कमरे में लगे पंखे में फांसी का फंद्दा लगाकर आत्महत्या कर ली, पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

सीएए : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

» सीएए में लाए गए संशोधन को वापस लेने का किया अनुरोध

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर नागरिकता संशोधान अधिनियम 2019 (सीएए) को वापस लेने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि जहां एक ओर इस अधिनियम का वर्तमान संशोधन धर्म के आधार पर अवैध प्रवासियों का विभेद करता प्रतीत होता है एवं भारतीय संविधान के अनुच्छेद-14 के विपरीत होने का संकेत दे रहा है, वहीं दूसरी ओर भारत के पड़ोसी देशों, जैसे- श्रीलंका, म्यांमार, नेपाल और भूटान इत्यादि देशों से आने वाले प्रवासियों के संबंध में इस अधिनियम में कोई भी प्रावधान नहीं किया गया है । मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में इस अधिनियम के विरूद्ध काफी विरोध प्रदर्शन देखे गये, जो कि शांतिपूर्ण रहे, अपितु इसमें इस प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। छत्तीसगढ़ में मूलतः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के निवासी हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में गरीब, अशिक्षित एवं साधनविहीन हैं।

जिसे इस अधिनियम की औपचारिकता को पूर्ण करने में कठिनाइयों का निश्चित रूप से सामना करना पड़ सकता है। संविधान के समक्ष सभी सम्प्रदाय समान होते हैं, संसद के द्वारा अधिनियमित नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 (सी.ए.ए.) धर्म निरपेक्षता के इस संवैधानिक आधारभूत भावना को खंडित करता दृष्टिगत हो रहा है।

छग की सादगी से प्रभावित, शुद्ध हास्य ही है मनोरंजन का आधार : नायकर

» टीवी शोज शुद्ध हास्य का स्थान नहीं ले सकते

रायपुर (आरएनएस)। देश विदेश में अपने विशुद्ध हास्य मनोरंजन के जरिये लोगों को हंसाने वाले केके नायकर आज भी अपनी कॉमेडी के दम पर जिंदा हैं। दशकों से ताजा तरीन विषयों पर व्यंग्य धार के माध्यम से लोगों को हंसाने वाले केके नायकर का कहना है कि वे छत्तीसगढ़ की सादगी से बेहद प्रभावित हैं। छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए नायकर ने आज प्रेस क्लब रायपुर के रूबरू कार्यक्रम में अपने कार्यक्रमों की पुरानी यादों के जरिये यह संदेश दिया कि टीवी शोज के माध्यम से आज हास्य में जो फूहड़ता व अश्लीलता आ गई है। वह परिवार के साथ देखने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे हास्य की उम्र बहुत कम होती है। उन्होंने अपने हास्य कार्यक्रमों में दर्शकों का विशुद्ध मनोरंजन किया जो आज भी जारी है। पुराने दौर की चर्चा करते हुए कृष्ण कुमार नायकर ने कहा कि देश में एक ऐसा भी दौर जब मनोरंजन के सीमित साधन हुआ करते थे। लोग आपस में एक दूसरे से सूचना पाकर कार्यक्रमों में पहुंचते थे। हजारों लोगों के बीच में जब कार्यक्रम देना हो तो कलाकार को सोचना चाहिए कि वह किस प्रकार का कार्यक्रम दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करें। पुराने कार्यक्रमों की स्मृति को ताजा करते हुए नायकर ने वर्षों पहले अंग्रेजी फिल्म की मिमिक्री को वेसे ही प्रस्तुत किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU